भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3847

दिनांक 27/03/2026

राष्ट्रीय उच्च उपज बीज मिशन की वर्तमान स्थिति

3847. श्री मुकुल बालकृष्ण वासनिक :
श्री एस. निरंजन रेड्डी :

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में राष्ट्रीय उच्च उपज बीज मिशन की घोषणा 100 करोड रुपये के प्रारंभिक परिव्यय के साथ की गई थी;
(ख) यदि हां, तो वित्त वर्ष 2025-26 के संशोधित प्राक्कलनों के अनुसार इस मिशन के अंतर्गत निधि का उपयोग न किये जाने के कारण क्या हैं;
(ग) क्या वर्ष 2026-2027 के बजट में इस मिशन के लिए कोई आवंटन नहीं किया गया है;
(घ) यदि हां, तो बजटीय आवंटन न करने के कारण क्या हैं;
(ङ) मिशन के मूल उद्देश्यों की वर्तमान स्थिति क्या है; और
(च) क्या सरकार ने इस मिशन को स्थगित कर दिया है या इसका विलय बीज एवं रोपण सामग्री उप-मिशन जैसी किसी मौजूदा योजना में कर दिया है?

उत्तर
कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री
(श्री भागीरथ चौधरी)

(क) से (घ) : जी, हां। उच्च उपजशील बीजों पर राष्ट्रीय मिशन के स्थायी वित्त समिति (SFC) संबंधी मेमो को माननीय मंत्री महोदय द्वारा दिनांक 23.03.2026 को अनुमोदित किया गया है। इसलिए वर्ष 2025-26 के दौरान बजट का उपयोग नहीं किया जा सका और वर्ष 2026-27 के दौरान कोई आवंटन नहीं किया गया है।

(ङ.) मिशन के प्रमुख उद्देश्य हैं :
(i) अनुसंधान इको-सिस्टम का सुदृढ़ीकरण
(ii) अधिक उपज, नाशीजीव प्रतिरोधिता एवं जलवायु-अनुकूलता वाले बीजों का लक्षित विकास एवं प्रवर्धन, तथा
(iii) जुलाई, 2024 के बाद से जारी की गईं 100 से भी अधिक बीज किस्मों की व्यावसायिक स्तर पर उपलब्धता

(च) : मिशन को स्वतंत्र रूप से लागू किया जाएगा।

****